**कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक** (IRGY-Urban) **हनुमानगढ़ – राजस्थान**

क्रमांक 5961 दिनांक 2/6/22

## –: विज्ञप्ति :–

मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2022–23 के अन्तर्गत लागू **"इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना"** (IRGY-Urban) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रबन्धन हेतु स्वायत शासन विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर के आदेश क्रमांक एस्टे/एम/एफ.10( )/आरएमएस(टी)/डीएलबी/ 2022/3692–4573 दिनांक 31.05.2022 एवं समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशानुसार हनुमानगढ़ जिले की समस्त नगर निकायों यथा नगरपरिषद हनुमानगढ़, नगरपालिका भादरा, नोहर, रावतसर, पीलीबंगा, संगरिया एवम् टिब्बी हेतु निम्नानुसार पदों के लिए संविदा पर नियुक्ति के लिए आवेदन दिनांक 03.06.2022 से 18.06.2022 समय 05:00 पी.एम. तक आमन्त्रित किये जाते है :–

### –: पदों का विवरण :–

| क्र. स. | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता | मासिक मानदेय | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ तकनिकी सहायक | सिविल अभियान्त्रिकी में स्नातकोत्तर / स्नात्तक डिग्री। | 40000/- | 7 |
| 2 | कनिष्ठ तकनिकी सहायक | सिविल अभियांत्रिकी मे डिग्री / डिप्लोमा | 30000/- | 15 |
| 3 | लेखा सहायक | बी.कॉम / सी.ए. इन्टरमिडियेट (आई.पी.सी.)/ ICWA (इन्टर) / कम्पनी सेक्रेटरी (इन्टर) | 25000/- | 8 |
| 4 | MIS मैनेजर | BCA | 25000/- | 8 |
| 5 | शहरी रोगजार सहायक | स्नात्तक + RSCIT कोर्स उत्तीर्ण | 15000/- | 16 |

शर्ते :–

1 संविदा भर्ती पूर्णतया मैरिट के आधार पर होगी इसके लिए साक्षात्कार हेतु कोई प्रावधान नही रखा गया है।

2 संविदा अभ्यर्थीयों के प्राप्त आवेदनों के आधार पर संविदा पदों की पदवार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्ताकों के आधार पर मैरिट तैयार की जावेगी।

3 कनिष्ठ तकनिकी सहायक पद हेतु 80 प्रतिशत् पद डिग्री धारियों तथा 20 प्रतिशत् पद डिप्लोमा धारियों से भरे जावेगें।

4 संविदा नियुक्ति प्रथमतः 31.03.2023 तक प्रभावी रहेगी।

5 चयनोपरान्त एक अभ्यर्थी द्वारा केवल एक ही निकाय में अनुबंध किया जावेगा एक से अधिक अनुबंध करने पर संविदा नियुक्ति अनुबंध स्वतः ही निरस्त माना जावेगा (इस आशय का शपथ पत्र अनिवार्य है) चयनित अभ्यर्थी का पदस्थापन उपरोक्तानुसार जिला हनुमानगढ़ की किसी भी नगरपरिषद / पालिका में जरिये लॉटरी से किया जावेगा। चयनित अभ्यर्थी स्थान विशेष पर पद स्थापन की मांग नही कर सकेगा। लॉटरी द्वारा आवंटित स्थान पर कार्य ग्रहण नही करने पर 03 दिवस पश्चात आरक्षित सूची (वेटिंग लिस्ट) से अभ्यर्थी को संविदा पर नियुक्ति दी जावेगी।

6 शहरी रोजगार सहायक संविदा पद हेतु स्नात्तक + RSCIT के प्राप्ताकों के आधार पर की जावेगी परन्तु मैरिट लिस्ट का संधारण केवल स्नात्तक डिग्री के प्राप्ताक के आधार पर ही किया जावेगा।

7 संविदा भर्ती में आवेदन पूर्णतयः निःशुल्क है, फार्म नगरपरिषद हनुमानगढ़, नगरपालिका भादरा, नोहर, रावतसर, पीलीबंगा, संगरिया कार्यालयों में स्थापित इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार योजना हेल्प डेस्क (काउन्टर) से निःशुल्क प्राप्त कर जमा करवाया जा सकता है तथा हनुमानगढ़ जिला की वेबसाईट hanumangarh.rajasthan.gov.in से भी डउनलोड किया जा सकता है।

8 संविदा भर्ती के पदों का आरक्षण राजस्थान सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 11.01.2022 के आधार पर निर्धारित होगा।

(3) IRGY-Urban / IRGY_Letter (6)

9 **आयु** – न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष (दिनांक 01.06.2022 तक) एवं कार्मिक विभाग के आदेश दिनांक 11.01.2022 के अनुसार वर्ग की पात्रता अनुसार छूट देय होगी।

10.1 आवेदन पत्र ए–4 साईज के कागज पर निर्धारित प्रारूप क्रम संख्या 07 में अंकित कार्यालयों में निर्धारित तिथि तक जमा करवाने होगें, निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जावेगा। आवेदन पत्र राजपत्रित अवकाश के दिन भी प्राप्त एवं जमा करवाया जा सकता है।

10.2 आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र की स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी होगी। आरक्षण हेतु सम्बंधित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होगें। आयु का निर्धारण 10वीं कक्षा की अंकतालिका / जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर होगा। चरित्र प्रमाण पत्र / स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के साथ ही विवाह / संतान सम्बंधी प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज जो भी आवश्यक हो आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत कर सकते है तथा संविदा नियुक्ति के समय दस्तावेजों की मूल प्रतियां लानी आवश्यक होगी अन्यथा संविदा नियुक्ति नही दी जावेगी।

10.3 आवेदन की सभी प्रविष्टियां पूर्ण होनी आवश्यक है तथा तदानुसार सभी प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित फोटो प्रतियां सलंग्न होने आवश्यक है, अपूर्ण आवेदन पर कोई विचार नही किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

10.4 संविदा कार्मिको की नियुक्ति के लिए अनुबंध संबंधित आवंटित नगरपरिषद / नगरपालिका द्वारा सम्पादित किया जावेगा।

10.5 संविदा कार्मिक की सेंवाऐं संतोषप्रद नही होने पर संविदा से पृथक किया जा सकेगा।

10.6 अभ्यर्थी राजस्थान में किसी भी योजना से अनियमित / गबन / पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही के आरोपों में ब्लेकलिस्टेड, संविदा पृथक किये गये अभ्यर्थी आवेदन के योग्य नही माने जावेगें। चयनित अभ्यर्थी को अनुबंध के साथ इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

10.7 किसी भी तरह का विवाद होने पर जिला परियोजना समन्वय समिति, हनुमानगढ़ का निर्णय मान्य होगा।

10.8 उक्त संविदा अनुबंध व शर्ते कार्मिक विभाग की अधिसूचना संख्या F.1(4)DOP/A-2/2014 Jaipur दिनांक 11.01.2022 के प्रावधानों के अन्तर्गत अनिवार्यतः / पूर्णरूपेण लागू रहेगी। सुलभ सन्दर्भ हेतु उक्त अधिसूचना कार्मिक विभाग की साईट पर उपलब्ध है।

(पूजा शर्मा)
आयुक्त नगरपरिषद हनुमानगढ़ एवं सदस्य सचिव
जिला परियोजना समन्वयक समिति (IRGY-Urban)
हनुमानगढ़

क्रमांक 5962-5963 दिनांक 02/06/2022

प्रतिलिपि :–

1 श्रीमान जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक (IRGY-Urban) हनुमानगढ़।

2 श्रीमान उपनिदेशक (ए.सी.पी.) सूचना प्राधौगिकी एवम् संचार विभाग, हनुमानगढ़ को प्रेषित कर निवेदन है कि उपर्युक्त विज्ञप्ति एवं निर्धारित प्रारूप में आवदेन पत्र जो सलंग्न है, को जिला हनुमानगढ़ की वेबसाईट www.hanumangarh.rajasthan.gov.in पर अपलोड करने का श्रम करें।

आयुक्त नगरपरिषद हनुमानगढ़ एवं सदस्य सचिव
जिला परियोजना समन्वयक समिति (IRGY-Urban)
हनुमानगढ़

# आवेदन-पत्र

स्व-प्रमाणित फोटो

सेवा में,
जिला कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक
(इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना)
हनुमानगढ़ ।

महोदय,

**"इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना"** (नगरीय क्षेत्र) हेतु हनुमानगढ़ जिले के नगरपरिषद / पालिका में संविदा कार्मिक पदनाम ........................................................... पर संविदा नियुक्ति प्रदान करने हेतु मैं अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ। जिसका विवरण निम्न प्रकार है :-

1 आवेदक का पूरा नाम ....................................................................

2 पिता / पति का नाम ....................................................................

3 जन्म तिथि ( वर्ष/माह/दिनांक) ....................................................................

4 निवास का स्थाई पता ....................................................................
....................................................................

5 जाति प्रमाण पत्र (प्रमाण पत्र सलंग्न करें) वर्ग – ....................................................................

6 मूल निवास प्रमाण पत्र ....................................................................

7 वैवाहिक स्थिति :-

1 यदि आवेदक विवाहित है तो विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र सलंग्न करें। ....................................................................

2 यदि आवेदक अविवाहित है तो 10/-रू. के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पर अविवाहित होने का शपथ पत्र प्रस्तुत करें। ....................................................................

8 यदि आवेदक विवाहित है तो :-

(1) 01.06.02 से पूर्व जन्में जीवित बच्चों की संख्या ....................................................................

(2) 01.06.02 के पश्चात् जन्में बच्चों की संख्या ....................................................................

9 क्या आप पूर्व में किसी जुर्म में किसी न्यायालय से दण्डित तो नही है व किसी जुर्म का प्रकरण लम्बित तो नही है ? यदि हां तो विवरण सलंग्न करें। ....................................................................

9. राजपत्रित अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित चरित्र प्रमाण पत्र सलंग्न करें। ....................................................................

10 शैक्षणिक योग्यता –

| क्र.स. | शैक्षणिक योग्यता | उतीर्ण वर्ष | बोर्ड / युनिवर्सिटी | प्राप्तांक | प्रतिशत् |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10वीं | | | | |
| 2 | 12वीं | | | | |
| 3 | स्नात्तक | | | | |
| 4 | स्नात्तकोतर | | | | |
| 5 | डिप्लोमा | | | | |
| 6 | अन्य | | | | |
| | | | | | |

(दस्तावेंजों की स्व–प्रमाणित सुस्पष्ट प्रति लगाना सुनिश्चित करें)

हस्ताक्षर

## शपथ पत्र

मै शपथ पूर्वक घोषणा करता / करती हूँ कि उपरोक्त आवेदन पत्र में अंकित किये गये सभी तथ्य मेरी जानकारी में सही है व मेरे द्वारा आवेदन पत्र में चाही गयी बिन्दुवार सूचना सुस्पष्ट एवं पूर्णतयः सत्य है और यदि कोई सूचना असत्य पायी जाती है तो मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा।

शपथ ग्रहिता

---

## प्राप्ति रसीद

श्री / श्रीमति / कु. .................................... पुत्र / पुत्री / पत्नी श्री ..................................

निवासी ...................................................................... का संविदा कार्मिक पद ...........................................

पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र दिनांक .......................... को प्राप्त किया।

प्राप्तकर्ता